समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# बिना WTC फाइनल खेले मिलेगें 53 करोड़, ICC अंधाधुंध लुटा रहा पैसा, भारत-पाक समेत 9 देशों को मिलेगें करोड़ों।

Publisher

Published on 16 May 2025




## वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 का फाइनल मैच ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाएगा. यहां देखिए फाइनल खेले बिना कौन सी टीमों को करोड़ों रुपये मिलने वाले है.

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल 11-15 जून तक **ऑस्ट्रेलिया** और **दक्षिण अफ्रीका** के बीच खेला जाएगा. ऑस्ट्रेलिया गत चैंपियन है, वहीं दक्षिण अफ्रीका पहली बार खिताबी जीत का सपना लेकर मैदान में उतरेगी. **अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC)** ने हाल ही में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के लिए प्राइज मनी का एलान किया था. केवल विजेता और उपविजेता को कुल मिलाकर 49.24 करोड़ रुपये की इनामी राशि मिलने वाली है, मगर यहां **भारत** और **पाकिस्तान** समेत ऐसी टीम भी हैं जो बिना फाइनल खेले 53 करोड़ रुपया घर ले जाने वाली हैं.

**बिना फाइनल खेले 53 करोड़**

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 के चक्र में कुल 9 टीम खेल रही थीं. एक तरफ दोनों फाइनलिस्ट टीमों में 49.24 करोड़ रुपये बांटे जाएंगे, दूसरी ओर अन्य सात टीमों को भी इनाम के रूप में करोड़ों रुपये मिलने वाले हैं. तीसरे स्थान पर रहे भारत को 12.31 करोड़ रुपये की राशि मिलेगी, वहीं WTC 2021 फाइनल के विजेता न्यूजीलैंड को चौथे नंबर पर रहने के लिए 10.26 करोड़ रुपये मिलेंगे.

**इंग्लैंड** और **वेस्टइंडीज** समेत अन्य देशों पर भी ICC मेहरबान हो गया है. यहां तक कि नौवें स्थान पर रहने के लिए फिसड्डी

पाकिस्तान को भी 4.1 करोड़ रुपये मिलने वाले हैं. दरअसल फाइनलिस्ट टीमों को छोड़ दिया जाए तो बाकी 7 टीमों को बिना फाइनल खेले ही कुल 53.33 करोड़ रुपये का इनाम मिलने वाला है. बता दें कि इस बार वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का प्राइज पूल 102 करोड़ रुपये से भी ज्यादा रखा गया है.

**अब तक WTC जीतने वाले देश**

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का आगाज 2019 में हुआ था और प्रत्येक 2 साल के बाद WTC फाइनल खेला जाता है. पहला फाइनल 2021 में खेला गया, जहां न्यूजीलैंड ने भारत को 8 विकेट से हराकर खिताब जीता था. वहीं टीम इंडिया ने 2023 के फाइनल में भी जगह बनाई और इस बार उसका सामना ऑस्ट्रेलिया से हुआ. इस बार कंगारुओं ने भारत को 209 रनों से रौंदा था. इस बार फाइनल ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाएगा.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.